**CLASS : 12th (Sr. Secondary)** **Code No. 1204**

**Series : SS/Annual Exam.-2024**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

# हिन्दी (ऐच्छिक)

## HINDI (Elective)

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** तथा प्रश्न **11** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- *कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Downloaded from www.cclchapter.com

*नोट : (i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं,*** *किन्तु कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) जिन प्रश्नों के कई भाग हैं, उन्हें एक साथ कीजिए।*

*(iii) वर्तनी की अशुद्धियों तथा विषयान्तर की स्थिति में अंक काटे जाएँगे।*

*(iv) शुद्ध सुपाठ्य और सटीक उत्तरों को अधिमान दिया जाएगा।*

*(v) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(vi) प्रत्येक खण्ड और प्रश्न के साथ आवश्यकता के अनुसार यथोचित निर्देश दिए गए हैं।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

भारतीय गाँव, अपने कुएँ को सभी के साथ बाँटने की परम्परा का पालन करते हैं। जब तक कुएँ में पानी होता है, उसकी साझेदारी की कोई व्यवस्था नहीं होती, पर इस स्थिति में यह व्यवस्था सभी के द्वारा स्वीकार कर ली जाती है। हमें इस तरह का आचार-विचार विकसित करना है। इसके द्वारा गाँव में रहने वाले जंगल उगा सकेंगे और फिर उसके उत्पादन को बराबर बाँट लेंगे। कृषि में और जंगल उगाने में दोनों की मेहनत में अंतर होता है। पेड़ लगाना कृषि की तुलना में छोटा काम है। भारतीय किसान बड़ी मेहनत और अनिश्चित आमदनी से पूरी तरह से परिचित है। मशीनीकरण से पूर्व, पूरी दुनिया के किसान खेत जोतते थे और हम



Downloaded from www.cclchapter.com

भी। परन्तु बदलाव के पश्चात् हम पिछड़ते चले गए और अन्य देश उभरते चले गए। इसलिए आवश्यक है कि खेती के साथ हम वानिकी को भी अपनाएँ ताकि आमदनी एवं पर्यावरण दोनों समृद्ध हो सकें।

***प्रश्न :***

(i) उपर्युक्त गद्यांश में कुएँ बाँटने की परम्परा किस परम्परा की ओर संकेत करती है ?

(क) भारतीय परम्परा (ख) भारतीय सांस्कृतिक परम्परा

(ग) भारतीय सामाजिक परम्परा (घ) भारतीय भ्रातृभाव की परम्परा

(ii) गाँव में किसकी साझेदारी की कोई व्यवस्था ***नहीं*** होती ?

(क) वन की (ख) जीवन की

(ग) कुएँ की (घ) उपवन की

(iii) गद्यांश में आए 'वानिकी' शब्द का अर्थ है :

(क) कृषि करना (ख) वन लगाना

(ग) बाग लगाना (घ) बगीचे लगाना

(iv) जंगल उगाने से अभिप्राय है :

(क) नवीन पेड़ लगाना

(ख) पेड़ों की कटाई को रोकना

(ग) पेड़ों का ध्यान रखना

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं



Downloaded from www.cclchapter.com

(v) प्रस्तुत गद्यांश किस विषय-वस्तु पर आधारित है ?

(क) कृषि और उत्पादन पर

(ख) कृषि और पर्यावरण पर

(ग) कृषि और वानिकी पर

(घ) कृषि और किसान पर

**2.** निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

दो बात कही, दो बात सुनी;
कुछ हँसे और फिर कुछ रोए।
छक कर सुख दुख के घूँटों को,
हम एक भाव से पिए चले।
हम भिखमंगों की दुनिया में,
स्वच्छंद लुटाकर प्यार चले,
हम एक निशानी सी उर पर,
ले असफलता का भार चले।
अब अपना और पराया क्या ?



Downloaded from www.cclchapter.com

आबाद रहें रुकने वाले !

हम स्वयं बंधे थे और स्वयं

हम अपना बंधन तोड़ चले।

*प्रश्न :*

(i) 'छक कर सुख दुख के घूँटों को' पंक्ति में कवि का भाव है :

(क) समता का भाव

(ख) वैराग्य का भाव

(ग) अपने पन का भाव

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(ii) कवि अपने हृदय पर ............ एक निशान भार की भाँति लेकर जा रहा है।

(क) सुख-दुख का (ख) भिखमंगों की भीख का

(ग) असफलता का (घ) अपने-पराए का

(iii) कविता की विषय-वस्तु निम्नलिखित में से किस पर आधारित है ?

(क) फाकामस्ती पर (ख) कवि के अस्तित्व पर

(ग) कवि की निराशा पर (घ) स्वच्छंद प्यार पर



Downloaded from www.cclchapter.com

(iv) 'स्वच्छंद' शब्द का सही अर्थ चिह्नित कीजिए :

(क) अपनी इच्छा के अनुसार चलने वाला

(ख) दुनिया की परवाह करने वाला

(ग) दुनिया में प्यार की भीख माँगने वाला

(घ) जीवन में सफलता प्राप्त करने वाला

(v) कवि ने पद्यांश में किस भाषा का प्रयोग किया है ?

(क) खड़ी बोली का (ख) ब्रज भाषा का

(ग) राजस्थानी भाषा का (घ) हिन्दी भाषा का

**खण्ड – ख**

**3.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 10 = 10$

(i) 'प्रेमधन की छाया स्मृति' निबंध की शैली है :

(क) संस्मरणात्मक

(ख) तुलनात्मक

(ग) सूत्रात्मक

(घ) विवेचनात्मक



**Downloaded from www.cclchapter.com**

(ii) "एक पाठशाला का वार्षिकोत्सव था" पंक्ति .............. निबंध से सम्बंधित है।

(क) बालक बच गया (ख) घड़ी के पुर्जे

(ग) ढेले चुन लो (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iii) 'संवदिया' पाठ निम्नलिखित विधा से सम्बंधित है :

(क) निबंध (ख) रिपोर्ताज

(ग) संस्मरण (घ) कहानी

(iv) किस खगोलविद् को अपनी मान्यताओं के कारण अनेक कष्ट सहने पड़े ?

(क) अल्बर्ट आईंस्टीन (ख) आइजेक न्यूटन

(ग) गैलीलियो (घ) स्टीफन एच

(v) 'गाँडा' शब्द का उपयुक्त अर्थ है :

(क) बाजू का काला धागा या ताबीज़ (ख) गले का काला धागा या ताबीज़

(ग) उपर्युक्त दोनों (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(vi) 'चार हाथ' लघु कथा की विषय-वस्तु निम्नलिखित में से किस पर आधारित है ?

(क) मजदूरों के कार्य पर

(ख) मजदूरों के शोषण पर

(ग) काम करने के नए-नए तरीके पर

(घ) अपनी अस्मिता की ओर ध्यान न देने पर



Downloaded from www.cclchapter.com

(vii) 'कुटज' में कौन-सी जीवन शक्ति निहित है ?

(क) पराजेय (ख) अपराजेय

(ग) विजय (घ) विजित

(viii) 'दूसरा देवदास' कहानी के लेखक/लेखिका का नाम है :

(क) असगर वजाहत (ख) ममता कालिया

(ग) भीष्म साहनी (घ) फणीश्वरनाथ 'रेणु'

(ix) निर्मल वर्मा का जन्म स्थान है :

(क) सोलन (ख) शिमला

(ग) सिरमौर (घ) हिमाचल प्रदेश

(x) लघु कथा 'शेर' में शेर किसका प्रतीक है ?

(क) प्रजा का (ख) मंत्री का

(ग) राजा का (घ) व्यवस्था का

**4.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $1 \times 5 = 5$

शिवालिक की सूखी नीरस पहाड़ियों पर मुसकुराते हुए ये वृक्ष द्वंद्वातीत हैं, अलमस्त हैं। मैं किसी का नाम नहीं जानता, कुल नहीं जानता, शील नहीं जानता पर लगता है, ये मुझे अनादिकाल से जानते हैं। इन्हीं में से एक छोटा-सा बहुत ही ठिगना पेड़ है, पत्ते चौड़े भी हैं और बड़े भी हैं। फूलों से तो ऐसा लदा है कि पूछिए ही नहीं।



**Downloaded from www.cclchapter.com**

अजीब सी अदा है, मुसकुराता जान पड़ता है। लगता है कि पूछ रहा है कि क्या तुम मुझे भी नहीं पहचानते ? पहचानता तो हूँ, अवश्य पहचानता हूँ। लगता है, बहुत बार देख चुका हूँ। पहचानता हूँ उजाड़ के साथी, तुम्हें अच्छी तरह से पहचानता हूँ। नाम भूल रहा हूँ, प्रायः भूल जाता हूँ रूप देखकर पहचान जाता हूँ, नाम नहीं याद आता। पर नाम ऐसा है कि जब तक रूप के पहले हाजिर न हो जाए तब तक रूप की पहचान अधूरी रह जाती है।

***प्रश्न :***

(i) गद्यांश के पाठ और लेखक का नाम बताइए।

(ii) लेखक ने शिवालिक की पहाड़ियों को नीरस क्यों कहा है ?

(iii) रूप की पहचान अधूरी क्यों रह जाती है ?

(iv) 'ये वृक्ष द्वंद्वातीत हैं' का अर्थ स्पष्ट कीजिए।

(v) गद्यांश की भाषा-शैली की कोई ***एक*** विशेषता लिखिए।

**5.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $2 \times 2 = 4$

(क) लेखक ने अपने पिताजी की किन-किन विशेषताओं का उल्लेख किया है ?

(ख) बड़ी बहुरिया अपने मायके संदेश क्यों भेजना चाहती थी ?

(ग) राजा ने जनता को हुक्म क्यों दिया कि सब लोग अपनी आँखें बंद कर लें ?



Downloaded from www.cclchapter.com

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 10 = 10

(i) 'मैंने देखा, एक बूंद' कविता के रचयिता का नाम है :

(क) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'

(ख) मलिक मुहम्मद 'जायसी'

(ग) सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय'

(घ) तुलसीदास

(ii) चट्टानें, ऊसर और बंजर को तोड़ने का आह्वान क्यों किया गया है ?

(क) सृजन के लिए (ख) कृषि के लिए

(ग) विनाश के लिए (घ) विध्वंश के लिए

(iii) घनानंद का जन्म काल माना जाता है :

(क) सन् 1673 (ख) सन् 1672

(ग) सन् 1674 (घ) सन् 1637

(iv) देवसेना कौन थी ?

(क) स्कंदगुप्त की पत्नी

(ख) बंधुवर्मा की बहन

(ग) स्कंदगुप्त की बहन

(घ) एक दासी



Downloaded from www.cclchapter.com

(v) 'लहरतारा' के अर्थ का सही विकल्प चुनिए :

(क) बनारस के मोहल्ले का नाम

(ख) बनारस के बाजार का नाम

(ग) उपर्युक्त दोनों

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(vi) 'बारहमासा' में किस संवेदना का चित्रण है ?

(क) संयोग का (ख) शृंगार का

(ग) वियोग का/विरह का (घ) भँवरे और काग का

(vii) कवि ने हिमालय की दिशा किससे पूछी ?

(क) बच्चे से (ख) पत्नी से

(ग) स्वयं से (घ) गुरु से

(viii) निम्नलिखित में से एक भिन्न छाँटिए :

(क) पद्मावत

(ख) अखरावत

(ग) आखिरी कलाम

(घ) बारहमासा



Downloaded from www.cclchapter.com

(ix) 'रामचरितमानस' में कुल कितने कांड हैं ?

(क) सात कांड (ख) छः कांड

(ग) आठ कांड (घ) पाँच कांड

(x) 'कार्नेलिया का गीत' सम्बंधित है :

(क) चंद्रगुप्त नाटक से

(ख) ध्रुवस्वामिनी नाटक से

(ग) स्कंदगुप्त नाटक से

(घ) अजातशत्रु नाटक से

**7.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : $6 \times 1 = 6$

अरुण यह मधुमय देश हमारा !
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।
सरस ताम रस गर्भ विमा पर - नाच रही तरुशिखा मनोहर
छिटका जीवन हरियाली पर - मंगल कुमकुम सारा।
लघु सुरधन से पंख पसारे - शीतल मलये समीर सहारे
उड़ते खग जिस ओर मुँह किए - समझ नीड़ निज प्यारा।



Downloaded from www.cclchapter.com

**अथवा**

पुलकि सरीर सभाँ भए ठाढ़े। नीरज नयन नेह जल बाढ़े।।

कहब मोर मुनि नाथ निबाहा। एहि ते अधिक कहौ मैं काहा।।

मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ। अपराधिहु पर कोह न काऊ।।

मो पर कृपा सनेहु बिसेखी। खेलत खुनिस न कबहु देखी।।

सिसुपन तें परिहरेउँ न संगू। कबहुँ न किन्ह मोर मन भंगू।।

मैं प्रभु कृपा रीति जियं जोंही। हारेंहू खेल जितावहिं मोंही

महूँ सनेह सकोच बस सनमुख कही न बैन।

दरसन तृपित न आजु लगि पेम पिआसे नैन।।

**8.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) देवसेना की हार या निराशा के क्या कारण हैं ?

(ख) घनानंद की रचनाओं की भाषिक विशेषताओं को अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) प्रियतमा के दुख के क्या कारण हैं ?



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – ग

**9.** ***'अंतराल' (भाग-2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** के उत्तर दीजिए : 2 × 3 = 6

(क) भैरों ने सूरदास की झोपड़ी क्यों जलाई ?

(ख) सूरदास जगधर से अपनी आर्थिक हानि को गुप्त क्यों रखना चाहता था ?

(ग) कोइयाँ किसे कहते हैं ? उसकी विशेषताएँ बताइए।

(घ) 'फूल केवल गंध ही नहीं देते दवा भी करते हैं', कैसे ?

## खण्ड – घ

**10.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) "उलटा पिरामिड" लेखन शैली किस लेखन के क्षेत्र से सम्बंधित है ?

(ii) विशेष लेखन से आपका क्या अभिप्राय है ?

(iii) संपादक के कार्य की ***एक*** विशेषता लिखिए।

(iv) कविता में निहित संदेश की ***एक*** विशेषता बताइए। 1 × 4 = 4

(ख) (i) कविता में 'बिम्ब' के महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

(ii) 'कथ्य' किसे कहते हैं ? 'नाटक लिखने का व्याकरण' के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 3 × 2 = 6

(ग) किसी कहानी में देशकाल, स्थान और परिवेश की आवश्यकता पर विचार कीजिए। 5

**अथवा**

'नए और अप्रत्याशित विषयों के लेखन' के आधार पर 'एक कामकाजी औरत की शाम' पर **200** शब्दों में एक लेख लिखिए।



Downloaded from www.cclchapter.com

**खण्ड – ङ**

**11.** ***'नैतिक शिक्षा'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) भारतीय जीवन-दर्शन से क्या अभिप्राय है ?

(ख) असेम्बली में कब व किसने बम धमाका किया ?

(ग) जहाँ सिद्धार्थ को सत्य का ज्ञान हुआ, वह स्थान कहाँ है और किस रूप में प्रसिद्ध है ?

(घ) भारत की भूमि किन पुरुषों की भूमि मानी जाती है ?

(ङ) मछुआरों की बात सुनकर अनागत विधाता मछली दूसरे तालाब में क्यों चली गयी ?



Downloaded from www.cclchapter.com